

# कैसा महानगर मेट्रो तो दूर, सिटी बस के लिए भी तरस रहा ग्वालियर

**संजीव कुमार शर्मा**

**ग्वालियर 2 अप्रैल।** कहने को ग्वालियर मध्य प्रदेश का एक प्रमुख महानगर है, स्मार्ट सिटी की फेहरिस्त में शामिल है, लेकिन जमीनी हकीकत यह है कि यहाँ का सार्वजनिक परिवहन दशकों पीछे छूट गया है। जहाँ इंदौर और भोपाल

## सिंधिया स्टेट का आधुनिक शहर आज बनता जा रहा पिछड़ा नगर

जैसे शहर मेट्रो के सपनों को हकीकत में बदल रहे हैं, वहीं ग्वालियर में सिटी बस सेवा का न होना प्रशासन और सरकार की मंशा पर गंभीर सवाल खड़े कर रहा है। जब हमारे पास दशकों पहले अपना रेल नेटवर्क था, तो आज हम एक व्यवस्थित सिटी बस सेवा के लिए भी क्यों तरस रहे हैं?' — यह सवाल आज हर ग्वालियर वासी की जुबान पर है।

**इंदौर-भोपाल को मेट्रो, ग्वालियर को सिर्फ आश्वासन :** वर्तमान में ग्वालियर की स्थिति यह है कि यहाँ का पब्लिक ट्रांसपोर्ट पूरी तरह से बिखरा हुआ है।

**मेट्रो का सपना:** इंदौर में मेट्रो का ट्रायल हो चुका है, भोपाल में काम तेजी पर है। ग्वालियर के लिए अक्सर 'मेट्रो लाइट' या 'मेट्रो नियो' की बातें तो होती हैं, लेकिन फाइलों से बाहर कुछ नहीं निकल सका है।

**सिटी बस का अभाव:** प्रदेश के छोटे शहरों में भी नगर निगम द्वारा संचालित बसें चल रही हैं, लेकिन ग्वालियर में पूर्व में शुरू की गई बस सेवाएँ भी किन्हीं कारणों से दम तोड़ चुकी हैं।



### विरासत में मिली थी 'लोकल ट्रेन', आज नसीब में सिर्फ 'विक्रम'

ग्वालियर का इतिहास गवाह है कि सिंधिया रियासत के दौर में यह देश का एक प्रमुख और आधुनिक शहर था यहाँ आवागमन के लिए बेहतरीन नैरोगेज ट्रेन की सुविधा थी। शहर के बीचों-बीच से गुजरने वाली यह ट्रेन न केवल ग्वालियर की पहचान थी, बल्कि आम आदमी के लिए सबसे सस्ता और सुलभ साधन थी। लेकिन मध्य प्रदेश के गठन और समय के बदलाव के साथ इस ऐतिहासिक नैरोगेज को बंद कर दिया गया। उम्मीद थी कि आधुनिक बसें और मेट्रो इसका स्थान लेंगी, लेकिन ग्वालियर के हिस्से में आए सिर्फ 'विक्रम' टेंपो और अब अनियंत्रित ई-रिक्शा।



### टेंपो और ई-रिक्शा के भरोसे सवा लाख की आबादी

शहर की सड़कों पर आज हजारों की संख्या में विक्रम टेंपो और ई-रिक्शा दौड़ रहे हैं। इनके कारण न केवल ट्रैफिक जाम की समस्या विकराल हो रही है, बल्कि सुरक्षा और किराए की मनमानी को लेकर भी जनता परेशान है। व्यवस्थित बस सेवा न होने के कारण महिलाओं, बुजुर्गों और छात्रों को सबसे ज्यादा दिक्कतों का सामना करना पड़ता है।

### जनता में भारी आक्रोश,लोगों ने कहा...



विकास के बड़े-बड़े दावों के बीच बुनियादी सुविधाओं को नजरअंदाज किया जा रहा है। मेरा ही नहीं किसी से भी आज पूछ लीजिए सभी लोगों का सवाल है कि आखिर ग्वालियर के साथ यह 'सौतेला' व्यवहार क्यों?

**- अभिलाषा शर्मा,टीचर**



ग्वालियर को केवल कागजों पर 'स्मार्ट' बनाने से काम नहीं चलेगा। जब तक शहर के पास एक सुदृढ़ और आधुनिक सार्वजनिक परिवहन प्रणाली नहीं होगी, तब तक महानगर का दर्जा केवल एक नाम बनकर रह जाएगा। शासन-प्रशासन को चाहिए कि वे जल्द से जल्द सिटी बस सेवा बहाल करें और मेट्रो जैसे प्रोजेक्ट्स पर ठोस कार्यवाही शुरू करें।

**- मुकेश पाठक एडवोकेट**




# आमजन की सुविधा के लिए कस्तूरबा चौराहा के पास प्याऊ का शुभारंभ

**नवभारत न्यूज**

**ग्वालियर 2 अप्रैल।** कलेक्टर रूचिका चौहान की प्रेरणा से रेडक्रॉस सोसाइटी एवं कस्तूरबा गांधी विश्रांति भवन न्यास ग्वालियर के संयुक्त प्रयास से कस्तूरबा चौराह के पास एक प्याऊ का शुभारम्भ किया गया। इस रास्ते पर मरीजों को बहुत परेशानी का सामना करना पड़ता था अब उनकी सुविधा को देखते हुए प्याऊ का संचालन किया जायेगा। इस कार्यक्रम में प्याऊ का उद्घाटन सभापति मनोज तोमर, सचिव रेडक्रॉस नवल किशोर शुक्ला, कस्तूरबा न्यास के अध्यक्ष जगदीश शर्मा के द्वारा

## कलेक्टर की प्रेरणा से रेडक्रॉस सोसाइटी लगाई प्याऊ

किया गया। कार्यक्रम में सुरेश मित्तल, निशिकांत मिश्रा, विजय कुमार शर्मा, सुरेन्द्र कुशवाह, अवध राठौर, महेन्द्र कुशवाह एवं अन्य गणमान्य नागरिक भी उपस्थित हुए।

# सोनचिरैया स्त्री उड़ान एग्जीबिशन 2 .0 का आयोजन 5 अप्रैल को

**नवभारत न्यूज**

**ग्वालियर 2 अप्रैल।** शहर की दो महिला उद्यमियों, दीपा चौहान और डॉ. श्वेता चौहान द्वारा शुरू किया गया दिसोनचिरैया पहले सफल आयोजन के बाद अब 'सोनचिरैया स्त्री उड़ान एग्जीबिशन 2.0' का आयोजन

## महिलाओं को सशक्त बनाने की पहल

किया जा रहा है, जिसमें 40 से अधिक महिला उद्यमी अपने उत्पादों का प्रदर्शन करेंगी। इस एग्जीबिशन में लाइफस्टाइल, होम बेकिंग, हैंडमेड प्रोडक्ट्स, होम डेकोर सहित कई तरह के उत्पाद देखने को मिलेंगे। यह आयोजन एक दिवसीय कार्यक्रम के रूप में रविवार, 5 अप्रैल को होटल सेंट्रल पार्क, ग्वालियर में दोपहर 1 बजे से आयोजित होगा। आयोजकों ने शहरवासियों से अपील की है कि वे अधिक से अधिक संख्या में



पहुंचकर महिला उद्यमियों का उत्साहवर्धन करें और उनके प्रयासों को समर्थन दें।

सोनचिरैया स्त्री उड़ान अभियान आज देशभर में अपनी पहचान बना चुका है। वर्ष 2015 में शुरू हुई इस पहल के तहत ग्वालियर में ही हैंडवर्क साड़ियों और सूट्स का निर्माण किया जाता है, जिनकी मांग अब पूरे भारत में है। खास बात यह है कि जयपुर जैसे शहर, जो हैंडवर्क साड़ियों के लिए प्रसिद्ध हैं, वहां भी ग्वालियर में तैयार किए गए उत्पादों की अच्छी सप्लाई की जा रही है। अपनी संघर्षपूर्ण यात्रा और अनुभव को समझते हुए, दीपा और श्वेता ने अन्य महिला उद्यमियों को आगे बढ़ाने के उद्देश्य से 'सोनचिरैया स्त्री उड़ान' मंच की शुरुआत की। इस मंच के माध्यम से महिलाओं को अपने उत्पाद प्रदर्शित करने और पहचान बनाने का अवसर मिल रहा है।

# आईटीएम में दो दिवसीय हैंड्स ऑन वर्कशॉप आयोजित

## अस्त व्यस्त जीवनशैली और शारीरिक गतिविधियों की कमी के कारण रीढ़ संबंधी समस्याएं तेजी से बढ़ रही हैं : डॉ . श्रीवास्तव

**नवभारत न्यूज**

**ग्वालियर 2 अप्रैल।** आईटीएम यूनिवर्सिटी के स्कूल ऑफ पैरामेडिकल साइंसेज द्वारा दो दिवसीय हैंड्स ऑन वर्कशॉप का आयोजन किया गया। जिसका विषय 'ट्रांसलेटिंग डायग्नोस्टिक इन टू थेरेप्यूटिक एक्सीलेंस: एन इंटेग्रेटेड एप्रोच इन हेल्थकेयर' था। इस हैंड्स ऑन वर्कशॉप में विभिन्न सत्रों के दौरान न्यूरो रिहैबिलिटेशन, स्पाइनल मैनेजमेंट, स्पोर्ट्स फिजियोथेरेपी के आधुनिक दृष्टिकोण को विस्तार से समझाया गया। इस दौरान वर्कशॉप में विशेषज्ञों के रूप में डॉ. प्रभात रंजन (एम्स नई दिल्ली), डॉ. विवेक श्रीवास्तव (प्रिंसिपल, एलएनसीटी भोपाल), डॉ. अभिनव साठे (स्पोर्ट्स फिजियोथेरेपिस्ट एवं एसोसिएट प्रोफेसर) शामिल हुए। वहीं प्रोफेसर नीलिमा एस. चंदेल द्वारा अध्यक्षता की गई। इस अवसर पर स्कूल ऑफ पैरामेडिकल साइंसेस की डीन प्रोफेसर सोनिया जौहरी,



आयोजन सचिव सान्या एस. सेंगर, डॉ. शाहीन खान (पीटी), डॉ. माधवी श्रीवास्तव (पीटी), डॉ. दीपिका तिवारी (पीटी), डॉ. स्वेता दोहरे (पीटी), डॉ. जयेता रॉय (पीटी), ओमकार अधिकारी, सुनील शाह, डॉ. दीपिका तिवारी (पीटी) सहित विभिन्न प्रोफेसर, एसोसिएट प्रोफेसर, असिस्टेंट प्रोफेसर और 175 छात्र-छात्राओं एवं फिजियोथेरेपी प्रोफेशनल्स ने हिस्सा लिया।

प्रथम दिवस के कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन एवं सरस्वती पूजन के साथ हुआ। इस अवसर पर डीन प्रोफेसर सोनिया जौहरी नें इस प्रकार के प्रशिक्षण कार्यक्रमों के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में केवल सैद्धांतिक ज्ञान पर्याप्त नहीं है, बल्कि विद्यार्थियों के लिए व्यावहारिक अनुभव एवं तकनीकी दक्षता भी अत्यंत आवश्यक है।

अध्यक्षता कर रहीं प्रोफेसर नीलिमा एस. चंदेल ने कहा कि आधुनिक स्वास्थ्य सेवाओं में सही डायग्नोसिस के आधार पर ही प्रभावी उपचार संभव है। इस प्रकार की वर्कशॉप छात्र-छात्राओं को वास्तविक क्लीनिक परिस्थितियों के लिए तैयार करते हुए बताया कि यह कार्यक्रम छात्र-छात्राओं को क्लीनिकल स्किल्स में दक्ष बनाने के उद्देश्य से आयोजित किया गया है।

पोस्टर प्रजेंटेशन में वनीशा गाबरा एवं लावण्या अग्रवाल प्रथम रहीं। इसी तरह पुलकित सिंह द्वितीय स्थान प्राप्त किया। विभिन्न तकनीकी सत्रों में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए बेस्ट परफॉर्मर अवार्ड श्रुति मिश्रा, रोनक एवं मोहित कौशिक को प्रदान किया गया। वहीं समापन सत्र में डॉ. दीपिका तिवारी द्वारा वर्कशॉप की रिपोर्ट प्रस्तुत की गई। इस वर्कशॉप में 175 विद्यार्थियों एवं फिजियोथेरेपी प्रोफेशनल्स ने भाग लिया। इस प्रकार के कार्यक्रम उन्हें न केवल सैद्धांतिक ज्ञान प्रदान करते हैं, बल्कि उन्हें वास्तविक क्लीनिकल परिस्थियों के लिए भी तैयार करते हें।

### विशेषज्ञों की राय

विशेषज्ञ डॉ. प्रभात रंजन (एम्स नई दिल्ली) ने प्रतिभागियों को उन्नत न्यूरोलॉजिकल मूल्यांकन एवं उपचार तकनीकों पर विस्तारपूर्वक जानकारी दी। उन्होंने बताया कि न्यूरोलॉजिकल रोगों के प्रभावी उपचार के लिए सटीक एवं वैज्ञानिक मूल्यांकन अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने प्रतिभागियों को विभिन्न क्लीनिकल असेसमेंट टूल्स, न्यूरो-मस्कुलर टेस्टिंग, बैलेंस एवं कोऑर्डिनेशन जांच की विधियों का व्यावहारिक प्रदर्शन कराते हुए उन्हें वास्तविक परिस्थितियों में लागू करने के तरीके समझाए। विशेषज्ञ डॉ. विवेक श्रीवास्तव ने स्पाइनल डिसऑर्डर्स के मैनेजमेंट एवं मैनुआल थेरेपी तकनीकों पर हैंडस-ऑन प्रशिक्षण प्रदान किया।

विशेषज्ञ डॉ. अभिनव साठे ने स्पोर्ट्स इंजरी प्रिवेंशन, रिहैबिलिटेशन एवं एथलेटिक परफॉर्मेंस सुधार से संबंधित उन्नत तकनीकों का प्रदर्शन किया। उन्होंने बताया कि खिलाड़ियों की फिटनेस बनाए रखने के लिए केवल उपचार ही नहीं, बल्कि सही प्रिवेंशन स्ट्रेटेजी भी अत्यंत महत्वपूर्ण है।

# यज्ञोपवीत संस्कार एवं स्नेह सम्मेलन आयोजित

**नवभारत न्यूज**

**ग्वालियर 2 अप्रैल।** भारतीय मानव अधिकार सहकार ट्रस्ट ग्वालियर इकाई द्वारा एक महत्वपूर्ण धार्मिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया। इस अवसर पर ट्रस्ट द्वारा 7 बालकों का यज्ञोपवीत संस्कार कार्यक्रम धूमधाम से संपन्न कराया गया, जिसमें पारंपरिक रीति-रिवाजों के अनुसार संस्कार संपन्न हुए।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि संजीव नयन जी शर्मा डीएसपी राज्य सायबर क्राइम, विशेष अतिथि सुनील सिंह यादव राष्ट्रीय अध्यक्ष, कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रेम कुमार जी वैद्य राष्ट्रीय संयोजक ने की। अतिथि महेश



कुमार वर्मा प्रदेश समन्वयक, श्रीमती मधु शर्मा प्रदेश अध्यक्ष, श्रीमती सरिता पाठक प्रदेश उपाध्यक्ष, श्रीमती सुमन चतुर्वेदी प्रदेश उपाध्यक्ष, श्रीमती सरला गुप्ता ग्वालियर संभाग अध्यक्ष मंचासीन थे।

कार्यक्रम को सफल बनाने में सक्रिय सहयोग प्रदान किया। इस आयोजन ने न केवल बालकों के संस्कार को प्रोत्साहित किया, अपितु ट्रस्ट के सदस्यों के बीच सौहार्द एवं एकजुटता को भी मजबूत किया। ट्रस्ट के पदाधिकारियों ने इस अवसर पर मानव अधिकारों की रक्षा एवं सामाजिक जागरूकता के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराई। प्रवीण कुमार शर्मा इंदौर संभाग विधि प्रभारी, श्री युवराज सिंह उज्जैन संभाग अध्यक्ष युवा विंग श्रीमती उर्मिला नाहर ग्वालियर जिला अध्यक्ष, श्रीमती ममता दुबे भिंड जिला अध्यक्ष, श्रीमती सरला शर्मा मुरैना जिला अध्यक्ष, श्रीमती पूनम सेमर अशोक नगर जिला अध्यक्ष, श्रीमती रूचि गुप्ता ग्वालियर तहसील अध्यक्ष, श्रीमती दीपाली सक्सेना सिटी सेंटर तहसील अध्यक्ष, श्रीमती प्रवेश गुर्जर ग्वालियर नगर अध्यक्ष, श्रीमती गीता राणा मुरार तहसील अध्यक्ष, श्रीमती सुनीता शर्मा जिला संरक्षक, दिनमणि शर्मा ग्वालियर जिला मिडिया प्रभारी एवं ग्वालियर संभाग के समस्त जिलों के पदाधिकारी एवं सदस्य उपस्थित रहें। कार्यक्रम का संचालन श्रीमती प्रतिभा दुबे ने किया। आगे भी ट्रस्ट ऐसे सकारात्मक कार्यक्रमों का आयोजन जारी रखेगा।

# हनुमान जयंती पर आदित्य वाहिनी ने किया भंडारा

**नवभारत न्यूज**

**ग्वालियर 2 अप्रैल।** हनुमान जयंती के अवसर पर आदित्य वाहिनी, ग्वालियर द्वारा आज गुफा वाले हनुमान मंदिर एवं पर्वतेश्वर महादेव जी मंदिर परिसर (गुफा मंदिर) में विशाल भंडारे का भव्य आयोजन किया गया। इस पुण्य अवसर पर लगभग 6000 श्रद्धालुओं को स्नेहपूर्वक भोजन प्रसादी वितरित की गई। कार्यक्रम में शहर एवं आसपास के क्षेत्रों से बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित हुए और सभी ने भक्तिभाव से प्रसादी ग्रहण किया। भंडारे का आयोजन अत्यंत सुव्यवस्थित एवं अनुशासित रूप से संपन्न हुआ, जिसमें आदित्य वाहिनी के कार्यकर्ताओं ने पूरी निष्ठा और



समर्पण के साथ सेवा कार्य किया। इस आयोजन में आलेख शर्मा, वैभव शुक्ला, ज्योति कुशवाह, जलज शर्मा, अंकित पाल, पियूष सिंह, गायत्री, सोनिया, श्वेता, रेनू, आशा जी, सीमा जी, अभिजीत चौहान एवं सोनम सिंह सहित अन्य कार्यकर्ताओं का विशेष योगदान रहा। श्रद्धालुओं की सुविधा का विशेष ध्यान रखते हुए भोजन, जल एवं व्यवस्था की उत्कृष्ट व्यवस्था की गई। इस अवसर पर आयोजकों ने बताया कि हनुमान जयंती केवल आस्था का पर्व ही नहीं, बल्कि सेवा, समर्पण और समाज के प्रति उत्तरदायित्व का भी संदेश देती है। इसी भावना के साथ यह भंडारा आयोजित किया गया। कार्यक्रम के अंत में सभी उपस्थित जनों ने इस सेवा कार्य की सराहना की और भविष्य में भी ऐसे सामाजिक एवं धार्मिक आयोजनों के निरंतर आयोजन की कामना की।

# भितरवार में पुलिस पर फायरिंग कर भाग रहे तीन हथियारबंद बदमाश गिरफ्तार

**नवभारत न्यूज**

**ग्वालियर 2 अप्रैल।** ग्वालियर पुलिस ने अवैध हथियार रखने वाले और वारदातों को अंजाम देने वाले अपराधियों के खिलाफ एक बड़ी सफलता हासिल की है। थाना भितरवार पुलिस ने घेराबंदी कर एक आई-20 कार में सवार तीन शातिर बदमाशों को पकड़ा है। पकड़े गए आरोपियों ने पुलिस टीम पर फायरिंग कर भागने की कोशिश की थी, जिसमें पुलिस बल बाल-बाल बचा।

**गिरफ्तार आरोपियों की प्रोफाइल :** इकरार खान (28),निवासी डबरा, ग्वालियर, भूपेंद्र रावत (26) निवासी सहवई, थाना करहिया, विपिन कुशवाह (25) निवासी पिछोर रोड, डबरा,(फरार आरोपी रामलखन रावत, जिसकी तलाश जारी है।

## आई-20 कार और बंदूकें बरामद

पुलिस ने गिरफ्तार सभी आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। भितरवार पुलिस अब पकड़े गए आरोपियों से पूछताछ कर रही है ताकि इनके अन्य साथियों और अन्य संभावित वारदातों का सुराग लगाया जा सके।

**वारदात की फिराक में थे बदमाश :** जानकारी के अनुसार, मुखबिर से सूचना मिली थी कि कस्बा भितरवार के हरसी रोड पर कुछ बदमाश आई-20 कार में हथियारों के साथ किसी बड़ी वारदात को अंजाम देने की फिराक में घूम रहे हैं। सूचना मिलते ही पुलिस टीम ने दबिश दी। पुलिस को देखकर बदमाशों ने कार को तेज रफ्तार में भगाना शुरू कर दिया। पुलिस टीम ने आदमपुर गुरुद्वारे के पास बदमाशों की कार को ओवरटेक कर रोका। इस दौरान खुद को घिरा देख कार सवार बदमाशों ने पुलिस पार्टी पर जान से मारने की नियत से फायर झोंक दिया। पुलिस बल ने साहस का परिचय देते हुए घेराबंदी की, जिसमें 3 आरोपी पकड़े गए, जबकि एक अंधेरे का फायदा उठाकर फरार हो गया। पुलिस ने पकड़े गए बदमाशों की तलाशी ली, जिसमें एक 12 बोर की अधिया (कट्टा) और एक 12 बोर की दोनाली बंदूक, 4 जिंदा राउंड और एक चला हुआ खाली कारतूस बरामद हुआ है। वारदात में इस्तेमाल हो रही ग्रे रंग की आई-20 कार भी पुलिस ने कर ली है।

# हनुमान जन्मोत्सव पर त्यागी बाबा आश्रम में हुआ पूजन

**नवभारत न्यूज**

**ग्वालियर 2 अप्रैल।** उपनगर मुरार की प्रसिद्ध त्यागी बाबा आश्रम पर चमत्कारी संकट मोचन हनुमान जी का जन्म उत्सव बड़े ही धूमधाम से भक्त जनों ने मनाया इस अवसर पर भगवान बजरंगबली का विशेष श्रृंगार भी किया गया था मंदिर परिसर को भी फूलों और गुब्बारों से सजाया गया था सुबह आरती और पूजन के बाद हनुमान जी को भोग लगाया गया उसके बाद मंदिर परिसर में भंडारा शुरू हुआ जोकि देर रात तक चलता रहा।

**हनुमान जन्मोत्सव पर संकल्प -101 श्री राम-भागवत कथा का होगा आयोजन :** ग्वालियर चंबल संभाग के रुके हुए विकास एवं विश्व कल्याण और मानव समाज की सुख समृद्धि की कामना के लिए गालव ऋषि की पावन तपोभूमि, ग्वालियर से श्री रामराजेश्वरी सेवा संस्थान समिति (रजि.) द्वारा सनातन संस्कृति के पुनरुत्थान और विश्व कल्याण हेतु एक विराट संकल्प लिया गया है। संस्थान द्वारा संपूर्ण ग्वालियर-चंबल संभाग में 101 सामूहिक श्री



रामकथा-भागवत कथा का आयोजन किया जा रहा है। इस आयोजन का उद्देश्य 'विश्वेश्वर हनुमान' की 251 फुट की महा-प्रतिमा और संपूर्ण सनातन धाम मंदिर का निर्माण करना है। संस्था की कोषाध्यक्ष आरती भारद्वाज और अन्य सदस्यों ने आज त्यागी बाबा आश्रम मंदिर पर पहुंचे विधानसभा अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर से इस मिशन में 'संरक्षक' के रूप में मार्गदर्शन एवं सहयोग के लिए अपील की, जिसे विधानसभा अध्यक्ष तोमर ने सहर्ष स्वीकार किया। संस्था के सदस्य 19 अप्रैल से आश्रम में होने जा रही श्री राम कथा में भी आने का आमंत्रण दिया, उसे भी विधानसभा अध्यक्ष ने स्वीकार करते श्री राम कथा मे आने का आश्वासन दिया।



### विधानसभा अध्यक्ष पहुंचे, हनुमान जी की पूजा कर लिया आशीर्वाद

मध्य प्रदेश विधानसभा अध्यक्ष आज अपने क्षेत्र प्रवास के दौरान प्रसिद्ध त्यागी बाबा आश्रम पहुंचे। यहाँ उन्होंने संकटमोचन हनुमान जी के दर्शन किए और क्षेत्र की खुशहाली एवं समृद्धि के लिए विशेष पूजा-अर्चना की। आश्रम परिसर में दर्शन के उपरांत विधानसभा अध्यक्ष ने पूज्य घनश्याम महाराज से भेंट की। उन्होंने महाराज का चरण वंदन कर आशीर्वाद प्राप्त किया और आध्यात्मिक चर्चा की। महाराज द्वारा विधानसभा अध्यक्ष को तिलक लगाकर मंगल आशीर्वाद प्रदान किया गया। विधानसभा अध्यक्ष के आश्रम पहुंचने की सूचना मिलते ही बड़ी संख्या में स्थानीय लोग और पार्टी कार्यकर्ता भी वहाँ एकत्रित हो गए। इस दौरान उन्होंने आश्रम की व्यवस्थाओं को भी देखा और वहाँ मौजूद श्रद्धालुओं से भेंट की। विधानसभा अध्यक्ष ने इस अवसर पर कहा कि संतों का सानिध्य और ईश्वरीय आशीर्वाद ही जनसेवा के कार्यों को पूर्ण करने की शक्ति प्रदान करता है। उनके साथ वरिष्ठ भाजपा नेता अशोक जैन और युवा नेता अमरीश शर्मा आदि भी मौजूद थे।

आगामी
ईस्टर
(5 अप्रैल) तथा
परशुराम जयंती एवं
अक्षय तृतीया
(20 अप्रैल) की
सभी देशवासियों को
हार्दिक शुभकानाएं।
प्रो- एस.एन. शुक्ला (गणित)
AM-70, डी डी नगर, ग्वालियर
Mob. 9243218074

डॉ. कुमार क्लीनिक
DR. DINESH KUMAR
M.B.B.S., PGDS, FSPT
SEXYOLOGIST
गुप्त रोग विशेषज्ञ
नवीन पद्धति द्वारा 100% सफल इलाज
2000 से अधिक रोगियों का विश्वास
पता-सिल्वर एस्टेट के पास, सिटी सेन्टर, अभियंक एस्टेट ग्वालियर
संपर्क करें-9090848460